# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मकर संक्रांति पर आज महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान जारी, अध्यात्मिक समागम के पहले दिन डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी।
2. जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम आज दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे रांची, बीमार पूर्व डिप्टी स्पीकर से करेंगे मुलाकात, कई कार्यक्रमों में भी होंगे शामिल।
3. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक और प्रभावी बनाने का दिया निर्देश।
4. राज्य में दिखने लगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, रांची समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी, ठंड से मिली थोड़ी राहत।
5. रांची में खेले जा रहे महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को चार–एक से हराया।

*********************

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मकर संक्रांति पर्व पर प्रथम अमृत स्नान जारी है। 13 अखाड़ों में से प्रत्येक अखाड़े को उसके निर्धारित समय और क्रम की सूचना दे दी गई है। महानिर्वाणी पंचायती अखाड़े को त्रिवेणी संगम पर सर्वप्रथम और श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल को अंत में अमृत स्नान का क्रम निर्धारित किया गया है। इस भव्य आयोजन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

कल पौष पूर्णिमा पर दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और भव्य समागम में एक करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा।

*********************

इधर, झारखंड में आज आस्था और उल्लास के बीच मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जा रहा है। लोग स्नान दान और पूजा अर्चना कर रहे हैं। उधर, दुमका में मकर संक्रांति के साथ ही मेला और उत्सव का सिलसिला भी शुरु हो गया है।

*********************

जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम आज दो दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगे। रांची में वे मेडिका अस्पताल में इलाजरत पूर्व डिप्टी स्पीकर कड़िया मुंडा से मुलाकात करेंगे और उनका हालचाल जानेंगे। श्री ओराम कल स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद दिल्ली लौट जायेंगे।

*********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया है। बैठक में विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बजट पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आगामी बजट राज्य की जनता को समर्पित होगा। इस बजट में आम जनता, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

*********************

कल होने वाली यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक वक्तव्य में कहा है कि 15 जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहार होने के कारण यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

*********************

राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम ने सरायकेला–खरसांवा जिले का दौरा किया और कपाली के शेख ताजुद्दीन अंसारी की हत्या मामले की जांच की। आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने बताया कि पिछले दिनों शेख ताजुद्दीन अंसारी के साथ आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सपडा में भीड द्वारा मारपीट की गई थी और बाद में उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि आयोग अपने स्तर से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह मामला मॉबलिंचिंग से जुड़ा है या नहीं।

*********************

देवघर जिले में पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। नंदन पहाड़ क्षेत्र से गिरफ्तार इन अपराधियों के पास से सात मोबाइल और 10 सिम कार्ड भी बरामद किये गये हैं। उधर जिले के मोहनपुर हिंडोलावरन मोड़ के पास से तीन किलो गांजा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

*********************

भारतीय सेना दिवस की पूर्व संध्या पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का संदेश आज आकाशवाणी दिल्ली से प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी लाइव न्यूज 24X7 चैनलों पर रात 8 बजे सुना जा सकेगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल आकाशवाणी एआईआर पर भी उपलब्ध रहेगा।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखने लगा है। राजधानी समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की गयी है। इससे ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी तक आसमान में आंशिक बादल छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

*********************

महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने श्राची रार बंगाल टाइगर्स को चार–एक से हराया। दूसरी ओर राउरकेला में पुरुषों की लीग में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स पर तीन–दो से जीत दर्ज की।

*********************

महिला हॉकी इंडिया लीग के उदघाटन मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली ओड़िसा वरियर्स टीम की कप्तान नेहा गोयल ने आने वाले मैच में भी बेहतर प्रदर्शन की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी टीम की जूनियर खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

*********************

खो–खो विश्व कप–2025 में भारत ने नई दिल्ली में कल रात समूह ए के मुकाबले में नेपाल को 42–37 से रोमांचक तरीके से हराकर अपने विजय अभियान की शुरूआत की।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रयागराज में शुरु हुए महाकुंभ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आस्था का महाकुंभ शुरु।

दैनिक भास्कर लिखता है– संगम तट पर छलका कुम्भ, रातभर अखाड़ों में पूजन।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– संगम में डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– संगम पर उमड़ा आस्था का जनसमुद्र।

रांची एक्सप्रेस ने भी महाकुंभ के शुभारंभ की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोनमर्ग टनल के उदघाटन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************